प्रभात खबर

Palamu: 30 लाख रुपये की नकली शराब जब्त, उत्पाद विभाग और नौडीहा बाजार पुलिस ने की छापेमारी

Palamu: झारखंड में अवैध शराब कारोबारियों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान में पलामू पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है. गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने छापेमारी कर करीब 30 लाख रुपये मूल्य की अवैध और नकली विदेशी शराब का जखीरा बरामद किया है. इस दौरान पुलिस ने नौडीहा बाजार थाना क्षेत्र के खैरादोहर पंचायत के अछुइया टांड इलाके में बंद घर से जेवी चॉइस के 750 एम एल के करीब 700 पेटी शराब को जब्त किया है. उत्पाद विभाग पलामू के इंस्पेक्टर अमित कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना प्राप्त हुआ कि इस एरिया में अवैध अवैध शराब निर्माण कारोबार का धंधा चल रहा है.

Source: https://www.prabhatkhabar.com/state/jharkhand/palamu/fake-liquor-worth-30-lakh-seized-police-raid-in-palamu